मृदुल पत्रिका समाचार पत्र को समस्त जिलों एवं तहसील-कस्बों में संवाददाताओं की आवश्यकता है। सम्पर्क सूत्र 9828888853

दैनिक मृदुल पत्रिका

राजस्थान, दिल्ली, उत्तरप्रदेश एवं हरियाणा से प्रकाशित

हमारे यहां किताबों व समाचार पत्रों की प्रिन्टिंग की जाती है सम्पर्क सूत्र 9571039307 (भरत प्रिंटर्स एण्ड सैल्स कॉर्पोरेशन)

पृष्ठ 8 वर्ष 16 मूल्य 2.00 रुपए अंक 200 | जयपुर, सोमवार, 03 मार्च, 2025 | RNI/RAJHIN/2008/27048 | dainikmridulpatrika@gmail.com | 9413193990

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर जयपुर परिसर में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

पिलानी। बाबूलाल घोघलिया/ मृदुल पत्रिका। राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थान सीएसआईआर-सीरी के जयपुर परिसर में डॉ. पी. सी. पंचारिया के नेतृत्व में एक उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम में स्टार्टअप्स, उद्योग, वैज्ञानिक और शिक्षाविद एक साझा मंच पर एकत्र हुए, जहाँ उन्हें सरकारी और उद्योग सहयोग से मिलने वाली सुविधाओं और संसाधनों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

भारत सरकार के एमएसएमई के सहयोग से आयोजित महत्वपूर्ण कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में इस उद्योग जगत, शिक्षा जगत, वैज्ञानिकों एवं शोध छात्रों सहित 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सरकारी सहायता में अनुसंधान, नवाचार और उत्पाद विकास हेतु वित्तीय अनुदान, बिना गारंटी वाले ऋण, इनक्यूबेशन सुविधाएँ, तद्रूरू के माध्यम से सीधी बाजार पहुँच, सरलीकृत नियामकीय नियम, कर छूट और कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई । इसके साथ ही उद्योग और अनुसंधान सहयोग पर भी जोर दिया गया, जहाँ टाटा, रिलायंस, इंफोसिस, महिंद्रा जैसी प्रमुख कंपनियाँ स्टार्टअप्स को इनक्यूबेशन, इस्क्रनिवेश, एंजेल निवेश, तकनीकी हस्तांतरण और अनुसंधान साझेदारी के माध्यम से समर्थन प्रदान कर रही हैं। इस सहयोगी सहायता प्रणाली का उद्देश्य नवाचार को प्रोत्साहित करना, आत्मनिर्भर भारत मिशन को मजबूत बनाना और उद्योग-अकादमिक सहयोग को नई ऊँचाइयों तक ले जाना है। कार्यक्रम ने स्टार्टअप्स, उद्योग, शिक्षाविदों और अनुसंधान संस्थानों के बीच एक सशक्त नेटवर्क स्थापित किया, जिससे प्रौद्योगिकी विकास और व्यापार वृद्धि में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में कदम बढ़ाया गया।